आवेदन प्रपत्र

1. नाम:
2. लिंग: पुरूष/महिला
3. योग्यता:
4. आर्थिक श्रेणी: एपीएल अथवा बीपीएल (उचित सही का निशान लगायें):
5. यदि बीपीएल के लिए हॉं है तो संलग्न प्रमाण का प्रकार:
6. पत्राचार का पता:

____

____

____

____

7. ईमेल:
8. फोन:
9. भुगतान* का विवरण:
   - क. डिमाड ड्राफ्ट संख्या/यूटीआर संख्या:
   - ख. दिनांक:
   - ग. बैंक:
   - घ. राशि:

हस्ताक्षर

* 'केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली' के नामे दिल्ली में भुगतेय डिमाड ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है । अन्यथा 'केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली' पर एसबीआई, सीआरआरआई (आईएफएससी कोड : SBIN0010442) में ईसीएस/एनईएफटी/आरटीजीएस अंतरण भी स्वीकार्य होगा ।

<u>मात्र प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए</u>

10. पदनाम/विभाग
11. संगठन:
12. अनुभव:

प्रायोजक फर्म के प्राधिकृत हस्ताक्षर

- **गुणवत्ता:** मानकों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य
- **प्रतिक्रियात्मकता:** मंजूरीदाता प्राधिकारी के साथ समन्वय एवं लाभकारी परिस्थितियां खोजने की क्षमता
- **प्रतिष्ठा:** बाजार में प्रतिष्ठा एवं ग्रहणबोध स्थापित करना
- **अनुभव एवं कुशलता:** कार्य के लिए उपयुक्त अनुभव व कुशलता का पर्याप्त स्तर
- **क्षमता:** कार्य की विविधता एवं आकार के साथ संसाधन तथा संगठन क्षमता आवर्धन

प्रबंधन एवं संकाय

पाठ्यक्रम के लिए संकाय सदस्य, सीएसआईआर-सीआरआरआई में उपलब्ध एवं उद्योगों के भी विशेषज्ञों के व्यापक समूह में से लिए जाएंगे । सीएसआईआर-सीआरआरआई के पास इस प्रकार के पाठ्यक्रम के आयोजन के लिए सुदृढ़ प्रबंधन संरचना है ।

अभिज्ञान परिणाम

मॉड्यूल के अंत में अभ्यर्थी निम्नलिखित पक्षों पर ज्ञान एवं अनुभव अर्जित कर लेगा -

- सुनम्य एवं दृढ़ कुट्टिमों का विहंगावलोकन
- सड़कों के लिए गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली
- सामग्रियों का परीक्षण एवं मूल्यांकन
- उपकरण एवं यंत्र तथा इनका अंशांकन
- निर्माण के दौरान गुणवत्ता नियंत्रण

प्रशिक्षण के मुख्य आकर्षण

- पाठ्यक्रम विषयसूची के अनुसार सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक सत्रों का समान महत्व
- अनुशिक्षण (व्यक्तिगत ध्यान देना)
- औद्योगिक विशेषज्ञों से आमंत्रित व्याख्यान एवं मल्टीमीडिया साधन
- अंत:क्रियात्मक सत्र
- अधुनातन उपकरण पर प्रत्यक्ष प्रायोगिक अनुभव
- स्थल दौरे
- सॉफ्ट स्किल एवं व्यक्तित्व विकास पर अतिरिक्त बल
- अभ्यर्थियों का मूल्यांकन
- नौकरी के लिए मार्गदर्शन/रोजगार परामर्श

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
डॉ. लक्ष्मी परमेश्वरन, मुख्य वैज्ञानिक
सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
मथुरा रोड, नई दिल्ली - 110025
फोन : 011-26322506 ईमेल : lakshmy.crri@nic.in

सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल

Quality Assurance /Quality Control in Road Construction

CSIR CRRI

सड़क निर्माण में गुणवत्ता आश्वासन/ गुणवत्ता नियंत्रण

पर

कौशल विकास पाठ्यक्रम

अगस्त-नवंबर, 2017

सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली - 110025

वर्तमान युग सिविल संरचनाओं के निर्माण में उन्नतियों का युग है जिसमें गुणवत्तापूर्ण संरचनाएं किसी देश के विकास का प्रतिमाप बन गई हैं । निर्माण से संबंधित गतिविधियों को इतना अधिक महत्व दिए जाने तथा क्षेत्र में कुशल एवं अनुभवी कामगारों की भारी मांग होने के पीछे यही कारण है। सिविल इंजीनियरी ने गुणवत्ता आश्वासन/गुणवत्ता नियंत्रण (क्यूए/क्यूसी) एक व्यावसायिक इंजीनियरी शाखा है जो सड़कों जैसे भौतिक एवं प्राकृतिक रूप से निर्मित संरचनाओं के डिजाइन, निर्माण एवं अनुरक्षण से संबंधित है ।

सड़क निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण हेतु कौशल विकास

यह सुस्थापित है कि भारी लागत से बनाई जाने वाली परिसंपत्तियों की गुणवत्ता की निगरानी में सक्षम होने के लिए कुशल एवं अर्ध-कुशल इन दोनों दक्षताओं के साथ मानव संसाधन के विकास की आवश्यकता है क्योंकि गुणवत्ता से ही सेवा के स्तर/निष्पादन का निर्णय किया जा सकता है ।

सड़क निर्माण परियोजनाओं के अधिक दक्ष, प्रभावी एवं इन कार्यों के उच्च स्तर के लिए इनके नियोजन, प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण हेतु उत्तरदायी प्रतिभागियों के प्रबंधकीय एवं तकनीकी गुणों में वृद्धि के लिए इस सुनियोजित कौशल विकास कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई है । यह कार्यक्रम सड़क निर्माण में बेहतर गुणवत्ता लाने के लिए निर्माण के सभी चरणों में कार्य की प्रक्रियाओं के साथ-साथ गुणवत्ता मानक और गुणवत्ता नियंत्रण मुद्दों की अधुनातन जानकारी पर बल देता है । अत: कौशल विकास कार्यक्रम में सड़क निर्माण में गुणवत्ता आश्वासन, संविदा प्रबंधन, निरीक्षण प्रक्रिया व निर्माण सामग्रियों का परीक्षण सम्मिलित/समाहित किया गया है ।

सीएसआईआर-सीआरआरआई

सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधन संस्थान (सीआरआरआई) एक अग्रणी राष्ट्रीय प्रयोगशाला है जिसकी स्थापना 1952 में की गई थी । यह प्रयोगशाला सड़कों एवं सेतुओं के आयोजन, डिजाइन, अन्वेषण, मूल्यांकन एवं प्रबंधन को सामाहित करते हुए सड़क एवं परिवहन इंजीनियरी से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास कार्यों में संलग्न है । यह संस्थान जनता में आरएंडडी परिणामों के प्रसरण के लिए पाठ्यक्रमों का संचालन करता आ रहा है ।

पाठ्यक्रम का उद्देश्य एवं विशेषताएं

कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता नियंत्रण एवं गुणवत्ता आश्वासन उपायों की विभिन्न गतिविधियों को संपन्न करने के लिए अपेक्षित कौशल प्रदान करना है ।

पाठ्यक्रम का शीर्षक	'सड़क निर्माण में गुणवत्ता आश्वासन/गुणवत्ता नियंत्रण' पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
अवधि	4 महीने, अगस्त-नवंबर 2017
सीट की संख्या	25-30, गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) अभ्यर्थियों के लिए 5 सीट की व्यवस्था सहित
शैक्षणिक योग्यता	सिविल इंजीनियरी में डिप्लोमा
आयु वर्ग	18-35 वर्ष (भारत सरकार के नियमों के अनुसार अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. के लिए छूट)
स्थान	सीएसआईआर-सीआरआरआई, नई दिल्ली-110025
पाठ्यक्रम शुल्क	रूपये 25,000 प्रति अभ्यर्थी, तथापि बीपीएल अभ्यर्थियों को शुल्क से छूट
पंजीकरण की अंतिम तिथि	25 जुलाई 2017
पाठ्यक्रम आरंभ होने की तिथि	01 अगस्त 2017

यह कार्यक्रम उनके लिए लक्षित है जो सड़क निर्माण के लिए गुणवत्ता नियंत्रण एवं गुणवत्ता आश्वासन हेतु स्थल पर अपेक्षित व्यावसायिक कुशलता अर्जित करने के इच्छुक हैं । अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर चयन की विधि का निर्धारण किया जाएगा । इसमें अभ्यर्थी की सामान्य अभिक्षमता की जांच करने के लिए प्रवेश परीक्षा एवं/अथवा साक्षात्कार सम्मिलित किया जा सकता है । शिक्षण का माध्यम अंग्रेजी/हिंदी होगा ।

सड़क निर्माण विभाग/एजेंसी अपनी पसंद के अभ्यर्थी प्रायोजित कर सकते हैं । चयन प्रक्रिया में प्रतिष्ठित उद्योगों एवं लाभ न कमाने वाले संगठनों द्वारा प्रायोजित अभ्यर्थियों को विशेष महत्व दिया जाएगा ।

पाठ्यक्रम संरचना

इस गैर-आवसीय कौशल विकास कार्यक्रम को चार महीने के कक्षा व्याख्यान, सीआरआरआई में प्रयोगशाला परीक्षण एवं स्थल में प्रत्यक्ष प्रशिक्षण के माध्यम से सड़क निर्माण की आधारभूत जानकारी देने के लिए डिजाइन किया गया है ।

समग्रत:, कार्यक्रम में निम्नलिखित को अन्तर्निविष्ट करने की योजना है -

- समय की पाबंदी : कार्यों एवं रिपोर्ट करने की पाबंदी
- धन के लिए मूल्य : बाजार के मानकों एवं सर्वश्रेष्ठ रीतियों के अनुसार गुणवत्ता व कार्य के परिणाम हेतु लागत का औचित्य

प्रेषक

....

....

....

....

सेवा में

डॉ. लक्ष्मी परमेश्वरन, मुख्य वैज्ञानिक
सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
मथुरा रोड, नई दिल्ली - 110025

वेबसाइट: www.crridom.gov.in

फोन : 011-26832173, 26831760

फैक्स : 011-26845943, 26830480